Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ट)

प्रेस नोट

- **नगरपालिका चिड़ावा, झुंझनू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को 3 लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार**

जयपुर, 13 नवम्बर/ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा आज शुक्रवार को कार्यवाही करते हुये **नगरपालिका चिड़ावा, झुंझनू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार चौधरी को 3 लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार किया है।**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि एसीबी को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि **नगरपालिका चिड़ावा, झुंझनू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार चौधरी द्वारा 2 भूखण्डों के 90ए की कार्यवाही कर पट्टा जारी करने की एवज में 12 लाख रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।**

उक्त शिकायत पर एसीबी मुख्यालय पर **अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन.** के निर्देशन में स्पेशल यूनिट (एस.यू.) के **अति. पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र सिंह राठौड** के नेतृत्व में **उप अधीक्षक पुलिस श्री मांगीलाल** एवं उनकी विशेष टीम द्वारा आज ट्रेप की कार्यवाही कर **अनिल कुमार चौधरी मुख्य कार्यकारी अधिकारी नगरपालिका चिड़ावा, झुंझनू को उनके आवास से 3 लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार किया है।**

श्री सोनी ने बताया कि **आरोपी के आवास एवं अन्य ठिकानों** पर एसीबी टीमों द्वारा तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं. 1064*** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं. 94135–02834*** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।